पटाखा विस्फोट, दो के उड़े चीथड़े, एक की मौत

पूर्व में भी भारी मात्रा में बरामद हुआ था विस्फोटक पदार्थ, बावजूद ज़िम्मेदारों ने नहीं ली सीख

तेजयुग न्यूज

महराजगंज/रायबरेली : कोतवाली महाराजगंज क्षेत्र के एक आतिशबाज की दुकान में हुए विस्फोट ने इलाके में हड़कंप मचा दिया, विस्फोट इतना जबरदस्त रहा की नाबालिक सहित दो के चीथड़े उड़ गए जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक किशोर जीवन और मौत से अस्पताल में जूझ रहा है।

इतनी बड़ी घटना जिसमें एक युवक की जान चली गई वही एक किशोर जीवन मौत से जूझ रहा है लेकिन सर्किल सीओ यादवेन्द्र पाल का गैर जिम्मेदाराना बयान सवाल खड़ा कर रहा है। मामला क्षेत्र के पहरेमऊ गांव का है जहां एक पटाखा की दुकान में धमाका हो गया। चर्चा हैं कि मोटरसाइकिल से अवैध तरीके से मानक से अधिक मात्रा में बारूद लाया गया था जहां बारूद का आदान-प्रदान करते समय अचानक बारूद में विस्फोट हो गया

विस्फोट इतना भयानक था कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए वहीं इलाके में हड़कंप मच गया।

इस भयावह विस्फोट में 19 वर्षीय वीरेंद्र कुमार शर्मा की मौत हो गई जबकि 15 वर्षीय शिवम उर्फ छोटू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताते हैं कि उपरोक्त गांव में आतिशबाज़ लाल मोहम्मद की कोठरी है जहां से वह कारोबार करता है। सूत्रों की माने तो यहां पर नाबालिक बच्चों से पटाखों का अवैध कारोबार व निर्माण कराया जाता है नतीजा लोग मौत की गाल में समा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में जब सीओ महाराजगंज से बात की गई तो वह घटना बाबत ज्यादा कुछ नहीं बता सके यहा तक की मृतक और घायल किशोर का नाम भी नही बता पाए उनका तर्क था कि कोतवाल से अधिक जानकारी मिल सकती है।

पूर्व में भी पकड़ा गया था विस्फोटक पदार्थ

महराजगंज/रायबरेली। यह विस्फोट धमाका कोई पहली बार नहीं हुआ है 4 वर्ष पूर्व भी भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ पहरेमऊ गांव में पकड़ा गया था जबकि प्रशासन ने उस वक्त केवल जुर्माना लगाकर मामले में इतिश्री कर ली थी। यह घटना बताने के लिए काफी है कि अगर पूर्व में पुलिस चेत जाती और लगातार चेकिंग होती रहती तो हो सकता था इतना बड़ा हादसा ना होता।

शटरिंग लगाने को लेकर दो लोगों के बीच हुई मारपीट

ऊंचाहार/रायबरेली : शटरिंग लगाने को लेकर दो लोगों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, घटना में दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये, सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज किया है। बताते चलें कि अरखा गाँव निवासी डॉ अमरेश गुप्ता गाँव के पास ही नर्सिंग होम का निर्माण करवा रहे है, नर्सिंग होम के भवन में शटरिंग लगाने को लेकर उन्होंने मसौदाबाद निवासी सुशील कुमार से की थी।सुशील शटरिंग लगाने के लिए आनाकानी कर रहा था। रविवार की सुबह सुशील ने डॉ से शटरिंग लगाने के लिए एडवांस पैसे की मांग की।इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया जिसमें मामला मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मोदी की गारंटी, गांधी परिवार का रिश्ता, सवालों के घेरे

अधिसूचना के दो दिन बाद भी दोनों दलों के प्रत्याशी अदृश्य

बबलू सिंह अंगारा

रायबरेली। अधिसूचना के चंद घंटों पहले तक जहा मोदी की गारंटी, डबल इंजन की सरकार करोड़ों अरबों की विकास योजनाओं का गुणगान कर रही थी वहीं कांग्रेस खासकर गांधी परिवार भावुक हो कर रायबरेली की जनता को अपना परिवार का ही बताने से नहीं थक रहा था। अब ऐसे में पक्ष विपक्ष रायबरेली लोक सभा सीट से अपने प्रत्याशी के चयन को लेकर भले ही मंथन कर रहा हो पर अब जनता कुछ और ही सोच रही है। रायबरेली संसदीय सीट को लेकर अभी किसी दल ने उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतरा है, राजनीतिक गलियारों में इसकी सुगबुगाहट तेज हो गई है।

लोगों का मानना है की शायद पार्टियां एक दूसरे की चाल को भांप रही है कि कौन सा दल किसको मैदान में उतारता है जिसके बाद वह अपना प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। 72 सालों में यह पहली बार ऐसा मौका देखने को मिला है जहां अधिसूचना जारी होने के बावजूद भी किसी दलो ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा की बात की जाए तो अभी तक भाजपा ने अपना कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है हालांकि भाजपा के कुछ नेता महीनों से जोर आजमाइश कर रहे हैं जिसमें कुछ मौसमी नेता भी शामिल हैं जो चुनाव के दौरान ही जिले की विकास को लेकर कथित रूप से चिंतित होते नजर आ रहे। ठीक इसी तरह कांग्रेस विशेष कर गांधी परिवार भी हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। जबकि लगातार 20 वर्षों से यहां की सांसद सोनिया गांधी रही है लेकिन अब वह राज स्थान की राज्य सभा सदस्यता ले चुकी है। दोनों दलों से उम्मीदवार ना घोषित होने के चलते जनता असमंजस की स्थिति में है वह सोच में पड़ी है कि उनके दुख दर्द को समझने वाला उनकी चौखट कब आएगा।

▶▶ 72 सालों में यह पहली बार ऐसा मौका देखने को मिला है जहां अधि-सूचना जारी होने के बावजूद भी किसी दलो ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है

जबकि जिला निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी पूरी तैयारी बहुत पहले से जुटा चुके हैं। ऐसे मे चर्चा है कि क्या दोनों दलों को अपने विकास ओर परिवारिक रिस्तों पर भरोसा नहीं है या फिर रायबरेली की जनता पर। सबसे बड़ी चिंता तो समाजवादी पार्टी के नेताओं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को है उन्हें भी कोई नहीं पूछ रहा है क्योंकि उनकी पार्टी ने कांग्रेस पार्टी को बचन दे रखा है। शायद यही वजह है कि सपा ने भी अपना उम्मीदवार अभी मैदान में नहीं उतारा है। लेकिन जिले की जनता पूछ रही है कि रायबरेली की जनता को अपना परिवार बताने वाला गांधी परिवार और वह भावुक चिठ्ठी जो विगत दिनो जारी हूई थी क्या उस पर गांधी परिवार को भरोसा नहीं रहा है। खबर लिखे जाने तक किसी भी दल की प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी।

गढ़मुतेश्वर पुलिस के शिकंजे में अवैध शराब तस्कर

रविंद्र सिंह तोमर

गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ : जनपद हापुड़ के पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशानुसार हापुड़ पुलिस की सतर्कता कहीं ना कहीं देखने को मिल ही जाती है, अब जबकि 2024 लोकसभा चुनाव का उद्घोष हो चुका है। आचार संहिता भी लग चुकी है। जिसके चलते हुए जनपद में किसी भी तरह का कोई भी अपराध हापुड़ पुलिस बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी। इसी के चलते गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गढ़मुक्तेश्वर कोतवाल विनोद कुमार पांडे और उनकी टीम ने बेहद सराहनीय कार्य किया है।

आपको बता दें कि थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 200 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (कीमत करीब 20 लाख रुपये), नकदी, मोबाइल व शराब तस्करी में प्रयुक्त आयशर कैन्टर गाड़ी बरामद की है। साथ ही आपको बता दें कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पुलिस से बचने के लिए अवैध शराब को हरियाणा राज्य से फर्जी नम्बर प्लेट लगी कैन्टर गाड़ी में छिपाकर बिहार राज्य में सप्लाई करता था।

संदिग्ध परिस्थितियों में श्रमिक की राज स्थान में मौत

ऊंचाहार/रायबरेली : पांच महीने पूर्व राजस्थान मजदूरी करने गये युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया, परिजनों ने युवक के हत्या किये जाने की आशंका जताई है।परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बताया जाता है कि क्षेत्र के खालिकपुर कलां निवासी सजंय कुमार 30 वर्ष पांच महीने पहले राजस्थान के बांसवाड़ा जिले की एक राइस मिल मे मजदूरी करने गया था, शुक्रवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। वहां रह रहे परिवार के ही एक व्यक्ति ने फोन पर परिजनों को इस बात की जानकारी दी, स्थानीय पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। रविवार की दोपहर उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। युवक के हत्या किये जाने की परिजनों ने आशंका जताई है।

कोतवाली परिसर में आगामी त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

आलोक गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर) : रंगों का त्योहार होली एवं ईद उल फित्र को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से रविवार को उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार के निर्देशन में कोतवाली उतरौला परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार सिंह यादव ने किया।बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आये होलिका दहन संचालक एवं ग्राम प्रधान, सभासद व सम्भ्रांत व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक उतरौला संजय दूबे ने विभिन्न क्षेत्रों से आये सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं चौकी प्रभारियों से क्षेत्र में त्योहारों को लेकर की गई तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। आयोजकों ने त्योहार के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों को साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की बात कही। जहां भी कूड़ादान नही है वहां रखे जाने की व्यवस्था

सुनिश्चित की जाने की मांग की।

इसके साथ ही पानी सप्लाई हेतु प्रयोग किये जाने वाले टैंकरो की भी साफ सफाई के साथ पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ विद्युत तारों की ऊचांई पर बिशेष ध्यान दिए जाने, ढीले तार को तत्काल सही कराये जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने त्यौहार को हर्षोल्लास एवं परम्परागत तरीके व भाई चारे के साथ मनाने की अपील की। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता, सभासद विजयपाल वर्मा, राजकुमार कौशल (पांडे), विकास गुप्ता, संतोष कसौधन, सोनू चौरसिया, शुभम चौरसिया, राजेंद्र सैनी, दुर्गा प्रसाद, अल्ताफ, रोहित राज, दीपक चौधरी, मौलाना जमील अहमद, मौलाना मोहम्मद अख्तर रजा, मोहम्मद अबरार, सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

सात दिवसीय एनएसएस इकाई के शिविर का हुआ शुभारंभ

तेज युग न्यूज

बलरामपुर : महारानी लाल कुंवर स्नाकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का रविवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर ग्राम सभा बलरामपुर देहात के प्राथमिक विद्यालय रंजीतपुर में लगाया गया है। शिविर के प्रथम दिन के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बलजीत पांडेय और कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो जे पी पांडेय ने भाग लेकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विशेष शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर के प्रथम दिन मुख्य विषय आत्मनिर्भर भारत रहा। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो जेपी पांडेय ने अपने उद्बोधन में छात्रों को अनुशासित रहने और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का अच्छा ख्याल रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से छात्र-छात्राओं में सामाजिक आत्मीयता, आत्मनिर्भरता तथा समाज के प्रति सहभागिता का विकास होता है। विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद स्वीप कोऑर्डिनेटर व नोडल अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर में प्रतिभाग करने से हमारे अंदर अनुशासन और सेवा का भाव पैदा होता है। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो पी के सिंह, श्री प्रकाश मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेंद्र भट्ट, कार्यक्रम अधिकारी अनामिका सिंह, ग्राम प्रधान बलजीत पांडेय और विशेष शिविर में प्रतिभाग कर रहे अम्बुज भार्गव, गरिमा सिंह,दक्षिता मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेविकाएं व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

शिक्षा हमारे देश की बेटियों के लिए वरदान है : सीमा यादव

तेयुग न्यूज

गजरौला : आज बंदे मातरम सामाजिक शिक्षा सेवा समिति की एक मीटिंग का आयोजन श्रीमती सीमा यादव जी ने निवास स्थान (जवाहर नगर) गजरौला में किया गया। इस प्रोग्राम में पुष्प माला पहनाकर श्रीमती मीनाक्षी जी को गजरौला टीम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मीटिंग के अंदर अनेकों वक्ताओं ने अपने विचार रखे। जिसमें अध्यापक सीमा यादव जी कहा की शिक्षा हमारे देश की बेटियों के लिए वरदान है जिससे वह देश निमार्ण में अपनी भूमिका निभा सकती है।

इसी कड़ी में काजल पाल जी ने कहा कि शिक्षा के अभाव मैं हमारा

जीवन पशु समान है लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। टीम अध्यक्ष मीनाक्षी जी ने कहा हम सब लोगों को मिलकर संगठन को मजबूत करना चाहिए वंदे मातरम द्वारा प्रत्येक गांव में हमें इसके लिए स्किल डेवलपमेंट की क्लास चलानी चाहिए जिससे बच्चों के अंदर हम आत्मनिर्भरता लाने का प्रयास कर सकते हैं। संस्था के पदाधिकारी रोहित जी ने कहा हम सब लोगों को मिलकर काम करना चाहिए जिससे संगठन आगे बढ़कर और प्रत्येक क्षेत्र में काम कर सकता है।

संस्था के सचिव टीकाराम ने कहा संस्था गरीब व असहाय बच्चों के लिए काम करती है संस्था का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाना है संस्था के माध्यम से शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जाएगा और जरूरतमंदों को शिक्षा की सामग्री जैसे किताब नोटबुक पेंसिल बेग इत्यादि सामग्री संस्था के माध्यम से गरीब बच्चों में वितरण की जाएगी। इस प्रोग्राम में रोहित कुमार, सीमा यादव, मीनाक्षी, काजल पाल आंचल मित्तल, सुमित्रा सैनी, लक्ष्मी सैनी नैना सैनी, संदीप, संजय, ओमकार आदि लोग मौजूद रहे।

घरातियों ने बरातियों पर हमलाकर घायल किया हायर सैंटर रैफर

मुकेश कुमार

ऊंचागांव । शनिवार को नरसेना थाना के अंतर्गत चौकी बुगरासी क्षेत्र के गाँव बरहाना से कोतवाली जहागीराबाद के गाँव बझेड़ा एक बरात गई थी।जिसमें चढत के समय डीजे पर नाचने को लेकर घरातियों ने दूल्हे के भाई सहित तीन को लाठी डंडो व धारदार हथियार से गंभीर घायल कर दिया।बरातियों ने घायलों को फौरन नजदीकी अस्पताल में इलाज कराया।दूल्हे के भाई की हालत गंभीर देखते हुए उसे फौरन.हायर सैंटर रैफर कर दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार डीजे पर नाचने को.लेकर हुए झगडे में दूल्हे के भाई सहित तीन लोग घायल हो गये। कोतवाल जहागीराबाद रमाकांत पचौरी का कहना है कि एक बराती जसवीर पुत्र कंछिद द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस जाँच में जुट गई है।आरोपियों को जल्द ही कानून के होने का एहसास दिला दिया जायेगा।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का सिंभावली पुलिस ने किया पर्दाफाश

रविंद्र सिंह तोमर

सिंभावली, हापुड़ : 2024 लोकसभा चुनाव से पहले आचार संहिता का उद्घोष क्या हुआ जनपद हापुड़ की पुलिस तत्काल प्रभाव से एक्शन में आ गई और जिसके चलते थाना सिंभावली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार और उनके विश्वसनीय टीम ने सराहना कार्य किया है।

आपको बता दे कि थाना सिम्भावली पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे/निशानदेही पर 20 अवैध तमन्चे, 02 अर्धनिर्मित तमन्चे, (कुल-22 अवैध असलहा) व 05 जिन्दा कारतूस एवं अवैध शस्त्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध शस्त्रों को बनाकर, डिमाण्ड आने पर अपराधी किस्म के लोगों को सप्लाई करता था। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त प्रत्येक अवैध तमंचे को 5-7 हजार रूपये में बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था।

साथ ही आपको ये भी बता दें कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना सिम्भावली पर हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट आदि से सम्बन्धित 03 अभियोग पंजीकृत हैं।

मौर्या समाज सामाजिक मिलन समारोह में शैलेश कुमार सिंह शैलू को विधायक बनाने का लिया संकल्प

मोहमद रईस

पचपेडवा (बलरामपुर) : मौर्या समाज सामाजिक मिलन समारोह में शैलेश कुमार सिंह शैलू को विधायक बनाने का संकल्प लेते हुए पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

मौर्या समाज द्वारा पचपेडवा के रामनगर में आयोजित सामाजिक मिलन समारोह में शैलेश कुमार सिंह शैलू को विधायक बनाने का संकल्प लेते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रचंड बहुमत से जिताने का आवाहन किया इस अवसर पर शैलेश कुमार सिंह शैलू ने सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मोदी का सपना

2047 तक भारत को विकसित देश बनाकर विश्व की तीसरी महाशक्ति में शामिल होना हैयह तभी संभव होगा जब तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर भारी बहुमत से लोक-सभा व विधानसभा को जिताए। कार्यक्रम के आयोजक जमुना मौर्या, अरविंद कुमार मौर्या,पवन मौर्या,राकेश मौर्या, मेलाराम मौर्या,लवकुश मौर्या, कृष्ण देव मौर्या,राम सनेही मौर्या, बृजेश कुमार मौर्या,राम मूर्ति, राम सागर,विनोद, राकेश, काशी,राम देव समेत सैकड़ों मौर्या समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे,इस अवसर पर अयोध्या प्रसाद भोला जायसवाल पूर्व ब्लाक प्रमुख, जगदम्बा सिंह शक्ति ब्लाक प्रमुख गैसड़ी,मदन लाल जायसवाल अध्यक्ष महाराणा प्रताप जन जातीय सेवा संस्थान,राजितराम थारू, जिलाध्यक्ष जन जाति मोर्चा, अमित जायसवाल अप्पू, विजय पाल प्रजापति, राम बिलास विश्वकर्मा, हेमेंद्र थारू, विजय विश्वकर्मा, समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चचेरे भाइयों की मौत, एक घायल

तेज युग न्यूज

कन्नौज : कन्नौज जिले के इंदरगढ़ में अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस की ओर जानकारी मिलने पर परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। दो की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के भुलभुलियापुर गांव निवासी रोहित दोहरे (25) चचेरे भाई गोलू दोहरे (24) और गांव के दोस्त शेर सिंह राजपूत (22) के साथ बाइक पर सवार होकर रविवार की सुबह रिश्तेदारी में गए थे। शाम को तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग से वापस आते समय इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के अगौस गांव के निकट सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां पर डॉक्टर ने रोहित और गोलू को मृत घोषित कर दिया। घायल शेर सिंह का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी आनंद मिश्रा ने बताया कि ट्रक को पकड़कर कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अखिलेश यादव ने राहुल गांधी को लिखी चिट्ठी, भाजपा की अहंकारी साा का जवाब है इंडिया गठबंधन

मोहमद रईस

पचपेडवा (बलरामपुर) : सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि सात चरणों में होने वाले चुनाव दुख, दर्द और दमन का प्रतीक बन चुकी भाजपा सरकार की सात चरणों में हो रही विदाई की रूपरेखा है। जनता इन सात चरणों के चुनाव में भाजपा को हराएगी। भाजपा की अहंकारी सत्ता का जवाब समाजवादी पीडीए इंडिया गठबंधन है।

अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के 10 वर्ष जनता के लिए परेशानी और यंत्रणा भरे रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार सरकार का अभिन्न अंग बन गए हैं। पुलिस हिरासत में लोगों की मौतें हो रही हैं। महिलाएं और बच्चियां अपमानित और असुरक्षित हैं। डबल इंजन भाजपा सरकार में देश और प्रदेश का विकास नहीं हुआ।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसान हो या नौजवान, सभी भाजपा सरकार में उपेक्षित हैं। किसान लगातार आंदोलित है। किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी नहीं दी जा रही है। एमएसपी की मांग कर रहे सैकड़ों किसानों की मौत हो चुकी है। भाजपा सरकार किसानों से बात करने के बजाय उनके रास्ते में कील कांटे लगा रही है। हर वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार लोगों की नौकरी छीनने का काम कर रही है। उधर, अखिलेश यादव ने राहुल गांधी को चिट्ठी लिखकर कहा कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के कारण समापन यात्रा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। यह यात्रा तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकेगी।